बिहार सरकार

**योजना एवं विकास विभाग**

का0आ0सं0: यो0स्था01 / 2–20 / 2025 / यो0वि0,पटना,दिनांक सितम्बर, 2025

**कार्यालय आदेश**

वित्त विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–4685 दिनांक 25.06.2003 सह–पठित अधिसूचना संख्या–1802वि0 (2) दिनांक 23.03.2006 तथा संकल्प सं0–3A–2 वे0पु0 –18 / 2009–7566 दिनांक 14.07.2010 में निहित प्रावधानों के आलोक में बिहार राज्य कर्मचारी सेवा शर्त सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन नियमावली 2003 एवं रूपांतरित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना 2010 के अंतर्गत योजना एवं विकास विभाग (मुख्यालय) में कार्यरत उच्चवर्गीय लिपिक को द्वितीय वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति दिनांक 15.09.2025 को सम्पन्न विभागीय स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा पर उनके नाम के सामने स्तंभ में अंकित तिथि से उल्लिखित वेतनमान में दी जाती है:–

| क्र0 | नाम / पदनाम सेवा में योगदान की तिथि | प्रथम प्रोन्नति की देय तिथि एवं वेतनमान | द्वितीय एम0ए0सी0पी0 की देय तिथि एवं वेतनमान | तृतीय एम0ए0सी0पी0 की देय तिथि एवं वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्रीमती ममता, उच्चवर्गीय लिपिक, सम्प्रति सहायक प्रशाखा पदाधिकारी 09.03.2005 | योजना एवं विकास विभाग के कार्यालय आदेश सं0 3654 दिनांक 26.08.2013 के प्रभाव से उच्चवर्गीय लिपिक में (ग्रेड पे–2400 / – वेतनमान–5200–20200) के पद पर प्रोन्नति दी गयी। | दिनांक 26.08.2023 के प्रभाव से वेतन स्तर–5 अनुमान्य किया जाता है। | – |

2. अनुशंसित कर्मी का वेतन निर्धारण बिहार कर्मचारी सेवा शर्त सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना नियमावली–2003 के नियम–8 के अधीन उल्लिखित मौलिक नियमावली के नियम–22(1)(a)(1) एवं रूपांतरित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना 2010 के प्रावधानों के तहत किया जाएगा।

3. उपर्युक्त कर्मी के संबंध में किसी प्रकार की त्रुटि या पार्थक्य पाये जाने पर संबंधित कर्मी को प्रदत्त एम0ए0सी0पी0 योजना के लाभ संबंधी आदेश को रद्द / संशोधित कर दिया जायेगा तथा उन्हे भुगतान की गयी राशि की वसूली / प्रतिपूर्ति कर ली जायेगी।

4. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –

**(डॉ0 नित्यानन्द सिंह)**

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक– यो0स्था01 / 2–20 / 2025 – 5399 / यो0वि0,पटना,दिनांक 19 ,सितम्बर, 2025

प्रतिलिपि– महालेखाकार, बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना / सहायक निदेशक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / लेखा शाखा (दो प्रतियों में) योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / श्रीमती ममता, उच्चवर्गीय लिपिक सम्प्रति सहायक प्रशाखा पदाधिकारी / आई0टी0 प्रबंधक (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु), योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.9.25

सरकार के उप सचिव

I.T. Manager.